# महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने एसडीएम कार्यालय का घेराव किया



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों व महंगाई के विरोध में एसडीएम कार्यालय का घेराव किया।

**खेतडी, (निसं)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को केंद्र सरकार की नीतियों व महंगाई के विरोध में एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान सीएम सलाहकार क्षेत्रीय विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह ने सैकडों कार्यकर्ताओं के साथ गिरफ्तारी दी है। इससे पूर्व एसडीएम कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभा का आयोजन किया। जिसमें पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर दबंगपूर्वक नीतियां अपनाकर आम जनता को दबाने के आरोप लगाए।

सभा को संबोधित करते हुए सीएम सलाहकार डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आम आदमी की खाद्य वस्तुओं पर लगाई जा रही जीएसटी जनता के लिए बोझ बनती जा रही है। आए दिन महंगाई का डोज देकर जनता को प्रताडित करने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा सरकारी एजेंसियों का भाजपा बेहद तरीके से दुरुपयोग कर रही है। जो इनकी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाता है तो ईडी अन्य सरकारी एजेंसियों से छापे मार कार्रवाई करवा कर उसकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से दूध व खाद्य पदार्थों पर लगाई गई जीएसटी से गरीब तबके के लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। एक तरफ केंद्र सरकार देश के आर्थिक विकास की बात कर रही है।

वहीं दूसरी ओर महंगाई का ग्राफ तेजी से बढ रहा है। जिसे कांग्रेस के कार्यकर्ता कभी सहन नहीं करेंगे और केंद्र सरकार की नीतियों का पुरजोर तरीके से विरोध किया जाएगा। इस दौरान सीएम सलाहकार डॉ. जितेंद्र सिंह ने अपने सैंकडों कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम कार्यालय के सामने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया और गिरफ्तारी दी। पुलिस व प्रशासन की ओर से लगाई गई गाडियों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भरकर निजामपुर मोड चौकी ले जाकर छोड दिया गया।

कानून व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस व प्रशासन की ओर से एसडीएम कार्यालय के मुख्य गेट पर आरएसी की बटालियन को तैनात किया गया था। इस मौके पर पूर्व विधायक हजारीलाल गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी, पूर्व प्रधान बजरंगसिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डीदेवी, पार्षद लीलाधर सैनी, सहीराम, सुभाष तातीजा, शंकर बीलवा, हरमेंद्र चनानिया, मनीराम ठेकेदार, अनिल बोहरा, राहुल सैनी, विजेश सैनी, सरजीत स्वामी, विनोद सोनी, श्रवण दत्त नारनोलिया, विजय नालपुर, हनुमानसिंह, प्रकाश, प्रशांत, प्रकाश अवाना, डॉ. सुभाष, सत्यवीर, रामनिवास, चुन्नीलाल चनेजा, छोटेलाल पहलवान, चंदगीराम सैनी, राजकुमार व्यास, निकेश पारीक, संदीप, ओमप्रकाश यादव, उम्मेद बुरका, गोपीराम सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।



**झुंझुनूं जिले में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वाधीनता सप्ताह में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस प्रशासन को 101 तिरंगे झंडे वितरण के लिए चौथमल सुनील कुमार पाटोदिया परिवार के सौजन्य से श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था द्वारा लकडी लगे हुए झंडे एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह एवं शहर कोतवाल सुरेंद्र कुमार देगडा को शुक्रवार अपरान्ह 5 बजे उनके कार्यालय में भेंट किए गए। इस अवसर पर डॉ. डीएन तुलस्यान, प्रदीप पाटोदिया, विपिन राणासरिया एवं राकेश टीबड़ा द्वारा संस्था की ओर से एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह एवं शहर कोतवाल सुरेंद्र कुमार देगड़ा को गौ माता का प्रतीक चिह्न भी भेंट किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत उपरोक्त निशुल्क झंडे वितरण किए जा रहे हैं। जिससे लोग आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अपने घरों पर झंडा तिरंगा फहरा सकेंगे।**

## सार-समाचार

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**कोलसिया, (निसं)।** कोलसिया के बस स्टैंड के पास शिव मंदिर में चल रही भागवत कथा में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान कथावाचक गोपाल दास महाराज वृंदावन मथुरा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्तियों को कर्म के माध्यम से जीवन में अग्रसर रहना चाहिए। सतगुरु ही मोक्ष का द्वार खोलते हैं। भगवान कृष्ण ने जन्म लेते ही कर्म की प्रधानता दिखाई। राक्षसों का संहार कर देवताओं की रक्षा करना और धर्म की स्थापना करना ही इनके प्रकट होने का एकमात्र कारण है। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की सजीव झांकी सजाई गई तो पांडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की जयकारों से गुंजायमान हो उठा महिलाओं ने मंगल गीत गाए। श्रद्धालुओं को माखन, मिश्री, चॉकलेट आदि का प्रसाद बांटा गया। अनिल पारीक, महावीरप्रसाद मीणा, शुभम पारीक, राकेश कुमार, जितेंद्र योगी, विनोद पारीक आदि समस्त ग्रामवासियों मौजूद थे।

### गौवंश का वैक्सीनेशन किया

**बिसाऊ, (निसं)।** प्रदेश में फैल रही लंपी बीमारी से बचाने के लिए कस्बे में गौवंश का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। कमल जोशी ने बताया कि आपणी गौशाला बिसाऊ में बीमार गौवंश को महामारी से बचाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के तहत गौशाला में मौजूद गौवंश का प्रीवैक्सीनेशन डॉ. कमलेश कुमार द्वारा करवाया गया है। जोशी ने बताया कि जो नागरिक अपने घर पर गोपालन कर रहे है। उनसे निवेदन है कि वह अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय या नजदीकी पशु चिकित्सक से परामर्श कर अपने गोवंश का प्रीवैक्सीनेशन जल्द से जल्द करवा लें। ताकि गौमाता को इस बीमारी से बचाकर गौवंश को सुरक्षित रखा जा सके। वहीं दूसरी ओर बिसाऊ पिंजरापोल सोसायटी ने कस्बे में करीब एक दर्जन बीमार हुई गायों के इलाज के लिए गौशाला की धर्मशाला निःशुल्क उपयोग की अनुमति प्रदान की है।

### विधायक शर्मा ने साढ़े 7 लाख रुपए दिए

**कोलसिया, (निसं)।** प्रशासन गांव के संग कार्यक्रम में गांव बुगाला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन की छत की मरम्मत के लिए सीएम सलाहकार व विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा ने साढे सात लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की थी। वह पूरी कर दी गई है। प्रिंसीपल विजय कुमार ने बताया कि इसकी पहली किस्त प्राप्त हो गई है। जल्द ही विद्यालय भवन की छत मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। उप सरपंच रौनक गुप्ता, पंस सदस्य ओपी बुगालिया, विजय कुमार जांगिड़, सुरेंद्र जांगिड़, रामजीलाल खेदड़, महेंद्र खेदड़, शिवप्रसाद जांगिड़, प्रमोद शर्मा आदि ने विधायक का आभार जताया है।

### मंदिर में श्रमदान किया

**बिसाऊ, (निसं)।** कस्बे में वाल्मिकी बस्ती स्थित बालाजी के मंदिर में कार्यकर्ताओं ने महंत रविनाथ के सानिध्य में श्रमदान कर साफ सफाई की। महंत ने बताया कि गणेशनाथ आश्रम के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में उगी हुई घास की सफाई की। इस अवसर पर पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष बसंत चेजारा, एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, विहिप के प्रवक्ता नूतन सिहाग आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर महंत रविनाथ के सानिध्य में मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया।

### बारिश से मौसम सुहावना

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के मंडावा क्षेत्र में शुक्रवार अपराह्न तीन बजे बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई है। वहीं खरीफ की फसलों के लिए भी वरदान, किसानों के चेहरे भी खिल गए है। कृषक बनवारी चायवाला ने बताया कि इससे छोटे पौधों को बारिश से फायदा है। बारिश के बाद ग्वार का बिजाई क्षेत्रफल काफी बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा धान में भी फायदा ही होगा। अभी हो रही बारिश से खरीफ की सभी फसलों को फायदा होगा। मंडावा कस्बे के रामगढ़ रोड पर बारिश की वजह से कई जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गई तथा नगरपालिका द्वारा नव निर्मित नाला भी क्षितग्रस्त हो गया है। हालांकि बाद में बारिश के बाद जलनिकासी की स्थिति सामान्य रही। बारिश के कारण गलियों तथा बाजार में पानी भर गया। इससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### तुलसी के पौधे एवं गमले वितरित

**झुंझुनूं, (निसं)।** लियो क्लब झुंझुनूं द्वारा शहर के मान नगर एरिया में तुलसी के पौधे एवं तुलसी गमले वितरित किए गए। कार्यक्रम श्री चौथमल सुनील कुमार पाटोदिया परिवार झुंझुनूं के सहयोग से लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में तुलसा पौधे एवं गमलो का वितरण किया गया। विदित है कि हर घर में तुलसी का वासा, रहे सदा नरहरि के पासा, इसी भावना को आत्मसात करते हुए तुलसा लगे हुए गमलो का वितरण लियो क्लब झुंझुनूं के माध्यम से लियो क्लब अध्यक्ष अंकुर मोदी एवं लियो एडवाइजर एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न भागो में ई-रिक्शा द्वारा घर-घर एक हजार तुलसी लगे गमले साथ ही बगैर गमलों के तुलसी पौधो का वितरण किया जा रहा है।

### निःशुल्क तिरंगा झंडे वितरित होंगे

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वाधीनता सप्ताह में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत चूणा चौक विकास समिति द्वारा रानी सती रोड स्थित इंदिरा पार्क में योग करने वाले, पार्क में मॉर्निंग वॉक करने वाले, समिति के सदस्य एवं पास पड़ौस के व्यापारी सहित आसपास के क्षेत्र में रहने वालों को समिति के मुख्य संरक्षक किशोरीलाल तुलस्यान के सौजन्य से निशुल्क झंडे लकड़ी लगे हुए वितरित किए जाएंगे। जानकारी देते हुए चूणा चौक विकास समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ ान पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत उपरोक्त निशुल्क झंडे वितरण किए जाएंगे। जिससे चूणा चौक एरिया के लोग आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अपने घरों पर झंडा तिरंगा फहरा सकेंगे।

### बच्चों को खिलौने बांटे

**मंड्रेला, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत कंकड़ेऊ कलां के आंगनबाड़ी केंद्र में 'सजग आंगनबाड़ी' अभियान की श्रृंखला में माननाथ सेवा समिति द्वारा समिति के पांचवें स्थापना दिवस पर खिलौना बैंक स्थापित किया गया। समिति संरक्षक रवि शास्त्री ने बताया कि इससे बच्चों को शिक्षा एवं पोषाहार के साथ खेल-खेल में सीखने का सकारात्मक माहौल मिलेगा।

## देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन 12 को

**झुंझुनूं, (निसं)।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले के समस्त राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों में 12 अगस्त 2022 को प्रातः 10:15 पर एक समय में एक साथ देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला, ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिले में यह कार्यक्रम जिला स्तरीय स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आयोजित होगा व ब्लॉक पर यह कार्यक्रम जहां हर वर्ष 15 अगस्त व 26 जनवरी पर होने वाले कार्यक्रम स्थल पर आयोजित होगा तथा जिले की समस्त राजकीय व गैर-राजकीय विद्यालयों के विद्यालय कैंपस में आयोजित होगा। जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने बताया कि जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी ही भाग लेगे। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जिले की सभी राजकीय व गैर-राजकीय विद्यालयों में उक्त तिथि को प्रातः 10:15 बजे यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

# विवेक चिंतन उत्सव में संस्कृत श्लोक व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

■ **बच्चों ने महापुरुषों के प्रेरणादायक चित्र बनाकर आजादी का वर्णन किया**

**खेतडी, (निसं)।** रामकृष्ण मिशन विवेकानंद स्मृति मंदिर में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चल रहे तीन दिवसीय विवेक चिंतन के दूसरे दिन शुक्रवार को संस्कृत श्लोक, निति शतकम् एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य जीतसिंह यादव, विशिष्ट अतिथि अशोकसिंह शेखावत, सीआई विनोद सांखला, रमाकांत वर्मा थे। जबकि अध्यक्षता मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने की। कार्यक्रम के दौरान कक्षा पांच से 12 तक के विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत, प्राकृतिक संसाधन, राष्ट्रीय महापुरुषों के विषयों पर सुंदर चित्र बनाकर महापुरुषों के प्रेरणादायक चित्र बनाकर आजादी के महत्व का वर्णन किया। स्वामी आत्मनिष्ठानंद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत केंद्र सरकार के संस्कृति विभाग के सहयोग से इसका आयोजन हो रहा है। बच्चों का आव्हान करते हुए कहा कि आजादी का अर्थ केवल राजनैतिक आजादी ही नहीं है। बल्कि हमारे अंदर जो दोष है। उनसे भी मुक्त होना होगा।

भविष्य में देश को आप संस्कारित नागरिक रूप में मिलेंगे। इसके लिए स्वामी विवेकानंद को पढ़ना चाहिए। स्वामी जी के विचार अनंत उर्जा के स्त्रोत है। स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रेरणा से सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, रविंद्रनाथ टैगौर, लोकमान्य तिलक जैसी अनेक विभूतियां बनी। जिससे हमारा देश गुलामी से आजाद हो सका है। इस अवसर पर थानाधिकारी ने बच्चों को बालिका अधिकार एवं मोबाइल के सही उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आजकल साइबर क्राइम बढ़ रहा है। ऐसे अपराधों पर रोक लगाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर नियमों का पालन करें। फोन पर किसी को भी अपनी महत्वपूर्ण जानकारी नहीं दे नहीं तो धोखाधडी का शिकार हो सकते हैं। कार्यक्रम में जिले के 16 विद्यालयों के 170 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर स्वामी योगयुक्तानंद, स्वामी दयासारानंद, स्वामी मुरारीशानंद, स्वामी प्रशांतानंद, शिवराम सैनी, हरिसिंह, कल्पना, भूपेंद्र शेखावत, चंद्रमोहन, हेमराज, तरुणकुमार, जितेंद्र जांगिड, संजू सैनी, रेखा सैनी, मंजू सैनी, प्रमोद सुरोलिया आदि मौजूद थे।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस के सवा सौ कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी

■ **प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया**

**चूरू, (कासं)।** मोदी सरकार की तानाशाही, महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चूरू कलैक्ट्रेट के आगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन करके कांग्रेस के सवा सौ कार्यकर्त्ताओं ने गिरफ्तारी दी और अपना विरोध जताया। पुलिस कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्तार करके जिला कारागृह के पास ले गई और छोड़ दिया।

कांग्रेस के अधिकांश कार्यकर्त्ता वहां से नारेबाजी करते हुए वापस कलैक्ट्रेट पहुंच गए और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। यहां पूर्व सभापति एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोविन्द महनसरिया ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार देश में बढ रही मंहगाई, अराजकता, कानून व्यवस्था व अन्य गंभीर मद्दों से देश की जनता का ध्यान हटाने के लिए, जिन्होंने देश आजाद करवाया गांधी परिवार, सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के खिलाफ आये दिन गलत तरिकों से झूठे आरोप लगाकर देश में कांग्रेस को बदनाम करने की कुचेष्ठा की जा रही है। महनसरिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस नाजुक समय में देश की जनता को कांग्रेस के साथ खड़ा रहकर भाजपा का पुरजोर विरोध करना चाहिए। महनसरिया ने कहा कि देश में प्रमुख पार्टी कांग्रेस ही है, इसका दमन करके भाजपा देश में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहती है।

कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता मुस्ताक खान ने कहा कि महंगाई के खिलाफ जेल भरो आन्दोलन की शुरूआत है, आगे यह आंदोलन मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने तक जारी रहेगा। खान ने कहा कि केंद्र सरकार ने तानाशाही शासन कर महंगाई व बेरोजगारी से आमजन की कमर तोड़ कर रख दी है। केन्द्र सरकार जनता का ध्यान भड़काना चाहती है, पर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के षड्यंत्र को चलने नहीं देंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण, बीसूका का पूर्व जिला उपाध्यक्ष आशाराम सैनी, पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा, राधेश्याम चोटिया, जमील चौहान, अबरार खान, सेवादल के रतनलाल जांगिड़, आदूराम न्यौल, मोहनलाल खुड़ीवाल, चंद्रभान शर्मा, महेश कुमार मिश्रा, सुबोध मासूम, प्यारेलाल दानोदिया, हेमंत सिहाग, किरोड़ीमल मीणा, शेरखान मलखान, रामेश्वर प्रसाद नायक, अरविंद भांभू, हेमंत सैनी, रमजान खान, पार्षद अंजनी शर्मा, अरविंद बाघ, आरिफ पिथिसर, विकास मील, जिला महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दीपिका सोनी, डॉ महेश शर्मा, नानक राम डूडी, मंगतूराम बागड़ा, सिराज जोईया, सीताराम खटीक, विनोद खटीक, सुनील मेघवाल, मुबारक भाटी, सलीम, योगेंद्र शर्मा, राजकुमार सेन, विश्वनाथ सैनी, आबिद खान, किशोर दांदू, रामचंद्र सुंडा, सत्यनारायण बाकोलिया, शिवकुमार शर्मा, सुखाराम घींटाला, कमला पूनियां, सुनिता जांगिड, श्रवण बसेर, आशाराम सहनाली, बालीबाई, यासीन खां, समीउल्लाह, शाहरूख खान, आबीद जाबासरिया, बनवारी सैनी, मूलचन्द्र जांगिड, आरिफ रिसालदार, साबीर अली, शरीफ कुरेशी, कासम खां, जगनाराम, पूर्णाराम, इस्लाम खान, एवं कांग्रेस नेता मुस्ताक खान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुतले को अग्नि दी। इस दौरान कांग्रेसियों ने मोदी के मुर्दाबाद के नारे लगाए। यहां भारी मात्रा में पुलिस का जाप्ता तैनात रहा।

## संस्था प्रधानों की वाकपीठ का शुभारंभ

**रतनगढ़ (निसं)।** ब्लॉक स्तरीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों की शिक्षण सत्र 2022-23 की प्रथम वाकपीठ का शुभारंभ शुक्रवार को राजकीय प्रकाश उच्च माध्यमिक विद्यालय में सीबीईओ भंवरलाल डूडी की अध्यक्षता में हुआ।

समाजसेवी ओमप्रकाश चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में एसीबीईओ विक्रम सिंह चौहान, आनंद कुमार पारीक, वाक्पीठ अध्यक्ष प्रधानाचार्य हरलाल डूडी, सचिव डॉ. चेतन चौहान, प्रधानाचार्य गोपाल कंवर चारण व संयोजक संस्था प्रधान राजेंद्र कुमार मंचस्थ थे।

दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना व स्वागत गायन से कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ हुआ । संस्था प्रधान राजेंद्र कुमार ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया तथा विद्यालय की उपलब्धियों का परिचय दिया।

मुख्य अतिथि चौधरी ने परिक्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में सेठ सोहनलाल दूगड़ चैरिटी ट्रस्ट, कोलकाता के योगदान पर प्रकाश डालते हुए वाकपीठ के सफल आयोजन की शुभकामना व्यक्त की।

सीबीईओ डूडी ने विद्यालयों के सफल संचालन में वाकपीठ के महत्त्व एवं उद्देश्य को प्रकट किया।

## सार-समाचार

### बैडमिंटन संघ प्रतियोगिता 12 से

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं जिला बैडमिंटन संघ झुंझुनूं की ओर से जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ 12 अगस्त से झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी के जीवेम स्पोर्ट्स स्कूल के बैडमिंटन ऐरिना में होगा। बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष नाहर सिंह थालौर, सचिव मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष विकास तुलस्यान ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर 11, 13, 15, 17, 19 वर्ष, सीनियर व वटनर्स के बालक व बालिका वर्ग के एकल, युगल एवं मिक्स्ड डबल के मुकाबले होंगे। अध्यक्ष ने बताया कि किसी भी कैटेगरी में कम से कम 8 प्रतिभागियों की प्रविष्टी पर ही उस कैटेगरी के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। टुर्नामेंट योनेक्स 350 प्लास्टिक शटल से करवाया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी जिला बैडमिंटन संघ के सह सचिव राहुल गिरधर को 9057219097 पर व कोच नितेश वर्मा को 8094015515 पर दूरभाष पर या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अंतिम तिथि 9 अगस्त तक पंजीकरण करवा सकते हैं। जीवेम स्पोर्ट्स स्कूल के आकाश मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि विज्डम सिटी में नव-निर्मित बैडमिंटन ऐरिना में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में रोचक मुकाबले देखने को मिलेंगें। मोदी ने बताया कि योनेक्स कंपनी द्वारा पॉवर्ड इस एकेडमी में चार कोर्ट का बैडमिंटन ऐरिना निर्मित किया गया है। जिसमें एंटी ग्लेयर लाइट्स का उपयोग किया है। ।

### अगस्त माह में दो रात्रि चौपाल होगी

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी की अध्यक्षता में जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का गांव की चौपाल पर ही निस्तारण करने के उद्देश्य से रात्रि चौपाल प्रत्येक माह आयोजित की जाती है। अगस्त माह में दो रात्रि चौपाल आयोजित होगी। पहली रात्रि चौपाल 16 अगस्त को चिड़ावा पंचायत समिति की सोलाना ग्राम पंचायत की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तथा 30 अगस्त को झुंझुनूं पंचायत समिति की इंडाली ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगी।

### गौशालाओं का निरीक्षण किया

**तारानगर (निसं)।** पशुपालन विभाग तारानगर के नोडल अधिकारी डॉक्टर सुभाषचन्द्र ने शुक्रवार को तारानगर की गोशालाओं का निरिक्षण किया तथा गोशालाओं प्रबन्धन को गौवंश में फैली हुई लम्बी स्किन बिमारी के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर सुभाष ने बताया कि यह एक वायरल बिमारी है तथा यह बिमारी ग्रसित पशुओं के लार, चारा तथा पानी से दुसरे में फैलती है। मक्खी मछर इस बिमारी के वैक्टर है। डॉक्टर सुभाष ने कहा कि पशुओं के बांधने की जगह को साफ सुथरी रखें व कीटनाशक दवाइयों का उपयोग करें। यह बिमारी पशुओं से मनुष्य में नहीं फैलती है।

## प्रतियोगिता हुई

**डूंडलोद, (निसं)।** डूंडलोद विद्यापीठ में हिंदी एवं अंग्रेजी कविता एवं हिंदी एवं अंग्रेजी हस्तलेखन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने कौशल दिखाया।

एक्टिविटी प्रभारी रजनी कर्नाटक ने बताया कि जूनियर वर्ग में हिंदी प्रतियोगिता में बुद्धा सदन के मोहम्मद रोमन खान प्रथम, सप्तऋर्षि सदन के तनीषा दूसरे एवं कबीर सदन के सचिन तीसरे स्थान पर रहे। अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता में कबीर सदन के काव्या प्रथम, बुद्धा एवं गुरूनानक के आयषा एवं हर्षिका जांगिड़ दूसरे एवं गुरूनानक सदन के नमन वर्मा तीसरे स्थान पर रहे। हिंदी एवं अंग्रेजी हस्तलेखन प्रतियोगिता में प्रथम, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।


**इश्तिहार** हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मैं सज्जन कुमार पाराशर पुत्र स्व. श्री भूरामल पाराशर आयु 70 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी गौशाला के पास वार्ड नम्बर 29 पुराना कस्बा लक्ष्मणगढ जिला सीकर राजस्थान का रहने वाला हूँ तथा मेरी आयु 70 वर्ष होने के कारण वृद्धावस्था में मेरे दैनिक कार्य करने में असमर्थ हूँ मेरा पुत्र ललित पाराशर आयु 45 वर्ष व उसकी पत्नी संगीता पाराशर आयु 42 वर्ष और उसके बच्चे सानिया पाराशर आयु 18 वर्ष व वंशिका पाराशर आयु 16 वर्ष मेरी किसी भी तरह से सेवा नहीं करते है और बार-बार कहने पर भी मेरे पास रहने को तैयार नहीं है और मुझे भरण-पोषण भी नहीं देते है व अन्य किसी भी तरह का खर्चा भी नहीं देते है। अतः मैं इनको अपनी आवासीय सम्पत्ति व कृषि भूमि से बेदखल करता हूँ और मेरी सम्पत्ति में इनका आज दिनांक 04.08.2022 के बाद कोई हक अधिकार नहीं रहेगा मैं अपनी सम्पत्ति को जो व्यक्ति मेरी सेवा करेगा या मेरे साथ रहेगा उसे देने के लिये या किसी ट्रस्ट को देने के लिये स्वतंत्र हूँ और आजाद हूँ अतः भविष्य में मेरे पुत्र ललित पाराशर उसकी पत्नी संगीता पारशर व उसके बच्चों के साथ कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह का रूपये पैसे का लेन देन व सम्पत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का खरीद, बेचान व हस्तान्तरण करता है वह अपनी जोखिम पर करें मेरी व मेरी पत्नी की किसी भी तरह की जवाबदारी नहीं रहेगी। मैं यह लिखावट अपने पूर्ण होशों-हवास व पूर्ण विवेक के साथ शपथ लेता हूँ। सूचित रहें।
दिनांक-04.08.2022
सज्जन कुमार पाराशर पुत्र स्व. श्री भूरामल पाराशर
आयु 70 वर्ष जाति ब्राह्मण
निवासी गौशाला के पास वार्ड नम्बर 29
पुराना कस्बा लक्ष्मणगढ, जिला सीकर राजस्थान


# बच्चों ने पौधे लगाने की जिम्मेदारी ली



**सुदीक्षा सीनियर सैकंडरी स्कूल मंडावा में पर्यावरण विषय को लेकर प्रार्थना सभा में कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के पर्यावरण एवं जन जागृति संस्थान लुमास के द्वारा सुदीक्षा सीनियर सैकंडरी स्कूल मंडावा में पर्यावरण विषय को लेकर प्रार्थना सभा में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस मौके पर पर भारत स्काउट गाइड की ट्रेन मास्टर व शिक्षाविद रामदेव गढवाल ने बताया कि पेड पौधों का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। पेड़ बिना पर्यावरण अधूरा है। जितने पेड़ पौधे ज्यादा होंगे। उतना ही पर्यावरण अच्छा होगा। पर्यावरण अच्छा होगा तो संपूर्ण मानव जाति व पशु पक्षी खुश रहेंगे। इसी क्रम में हिंदुस्तान स्काउट गाइड के ट्रेनर मास्टर प्रदीप ईशरवाल ने पर्यावरण के बारे में बताते हुए कहा कि आज के दौर को देखते हुए पेड़ पौधों की अनावश्यक कटाई होने के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ चुका है। प्रकृति का संतुलन बिगडने से अच्छा वातावरण अच्छी हवा नहीं मिल रही है।

अच्छी हवा व शुद्ध वातावरण नहीं मिलने के कारण मनुष्य और पशु पक्षी का जीवन खतरे में पड गया है। इसलिए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। पर्यावरण जन जागृति संस्थान के अध्यक्ष और पर्यावण प्रेमी संजय शर्मा ने बताया कि पेड़ है तो जीवन है पेड़ है तो कल है। इस मुहिम को आगे बढ़ाना है तो पहले खुद से पेड़ लगाने की शुरुआत करें और फिर दूसरों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें। सुदीक्षा सीनियर सैकंडरी स्कूल के संचालक हरिश पूनियां ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया और बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

अंत में पर्यावरण से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सही जवाब देने वाले बच्चों को इनाम दिया गया और पर्यावरण को बचाने के लिए स्कूल स्टाफ व बच्चों ने छायादार पेड़ लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलका, सुहानी जांगिड़, हनी सिंह, शंकरलाल, सुनीता आदि स्कूल स्टाफ का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह वाहिदपुरा ने किया।


**सेठ श्री केदारनाथ मोदी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुढ़ा (झुंझुनूं) राजस्थान**

क्रमांक :- जीसीजी/सामान्य/267 दिनांकः- 05.08.2022

**विज्ञप्ति**

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक : एफ 1() विद्या सम्बल/आकाशी/गै.फै./दिशा निर्देश/21/81 दिनांक 14.07.2022 की अनुपालना में महाविद्यालयों में अध्यापन कार्य को सुचारू बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विद्या सम्बल योजना के अन्तर्गत निम्न विषयों में अनुभवी व्यक्तियों को गेस्ट फैक्ल्टी के रूप में परिपत्र के बिंदु संख्या-4 में वर्णित स्तर से बिन्दु संख्या-5 में वर्णित देय मानदेय पर बजट की उपलब्धता की शर्त के अध्याधीन ऑफलाईन आवेदन दिनांक 18.08.2022 को सांय 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। पात्र अभ्यर्थी मूल आवेदन व्यक्तिशः या डाक द्वारा प्रेषित कर सकते है। इस हेतु महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियम 1986 में सहायक आचार्य के पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यताधारी अभ्यर्थी महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियमों के तहत आवेदन करें। आमंत्रित शिक्षकों से केवल कालांश के आधार पर कार्य करवाया जायेगा। गेस्ट फैकल्टी से निर्धारित शपथ-पत्र भरवाकर लिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय वेबसाइट (न्यूनतम योग्यता, शर्ते शपथ पत्र आदि) https://the.rajasthan.gov.in/college/gugudha पर देखें।

| क्र.सं. | महाविद्यालय का नाम | विषय का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय कन्या महाविद्यालय गुढ़ा | समाजशास्त्र | 01 |
| | | अंग्रेजी साहित्य | 01 |
| | | इतिहास | 01 |
| | | भूगोल | 01 |
| | | गृह विज्ञान | 01 |
| | | राजनीतिक विज्ञान | 01 |
| | | हिन्दी साहित्य | 01 |

(डॉ. प्रीति शर्मा)
नोडल प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, गुढ़ा (झुंझुनूं)

